# **कुंभ** राशि फल वर्ष २०२६

**कुंभ राशि :** वर्षारम्भ से मीन राशि में गोचर कर रहे शनि से कार्यो में सफलता मिलेगी। सन्तान के प्रति चिंता बढ़ेगी। स्वास्थय निर्बल रहेगा। रोगग्रस्त रहेगे। व्यर्थ वाद विवादो में लिप्त होगे। स्वजनो से विरोध होगा। आर्थिक हानि होगी। इसके विपरीत वर्षारम्भ से गुरु के गोचर में जीवन में सभी प्रकार की उन्नति होगी। कार्यो में सफलता मिलेगी। धनागम बढ़ेगा। पद तथा अधिकार मिलेगा। शासक वर्ग से लाभ होगा। 02 जून से गुरु के कर्क से गोचर में मन अनेक कारणो से शोक ग्रस्त रहेगा। धन की कमी अनुभव होगी। घरेलू वातावरण में अजीब प्रकार की उदासीनता रहेगी। जीवन साथी, सन्तान तथा पारिवारिक सदस्यो से मतभेद होगे। विग्रह–विवादो की स्थिति बनेगी। शासन- सत्ता का भय रहेगा। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। विरोधियो का वर्चस्व बढ़ेगा। शार्ट सर्किट तथा अग्निकांड़ो से हानि होगी। प्रायः ही सभी कार्यो में असफलता का सामना करना पड़ेगा। बुद्धि चातुर्य कुंठित होगा। समझ में नही आयेगा कि क्या करे और क्या ना करे। विवाह आदि किसी पारिवारिक समारोह–उत्सव को निरस्त (स्थगित) करने का कष्ट होगा। शुभ कार्य के लिये विचारी जा रही यात्रा में स्थगित होगी। दाम्पत्य जीवन में तनाव रहेगा। सन्तान (के कारण) से कष्ट रहेगा।

**जनवरी :** पारिवारिक सम्बन्धो में तनाव रहेगा। स्थान परिवर्तन होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में कठिन परिस्थितिया उत्पन्न बनेगी। नौकरीपेशा वर्ग में टर्मिनेशन सस्पेन्शन तथा स्वरोजगार कर रहे व्यक्तियो को रोजगार हानि का सामना करना पड़ेगा। प्रशासनिक भय रहेगा। व्यय बढ़ेगा। ऊपर से धन हानि कोढ़ में खाज का काम करेगी। बन्धु बान्धवो तथा मित्रो से सम्बन्ध खराब होगे। अपमानजनक स्थितिया बनेगी। आँखो तथा उदर सम्बन्धी रोगो से कष्ट रहेगा।

शुभ दिन : 06, 08, 16, 23, 25,

अशुभ दिन : 02, 04, 11, 13, 18, 21, 27, 29, 31

**फरवरी :** मन भोग विलास की ओर आकर्षित होगा। अविवाहितो का विवाह का योग बनेगा। योग्य व्यक्तियो को सन्तान लाभ होगा। शिक्षा तथा अध्ययन में सफलता मिलेगी। व्यापार में उन्नति होगी। तरल पदार्थो, श्रृंगारिक वस्तुओ तथा सौन्दर्य प्रसाधनो के माध्यम से आय होगी। कार्यो में सफलता मिलेगी। सफल यात्राये होगी। स्वास्थय में सुधार होगा। शारीरिक अवस्था के अनुरुप रक्तचाप अथवा हृदय रोग का भय दूर होगा। पारिवारिक

VYAS PANCHANG

समस्याओ का समाधान होगा। घर परिवार का सुख मिलेगा। सज्जनो, मित्रो तथा सम्बन्धियो का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। स्वभाव में सौम्यता आयेगी।

शुभ दिन : 02, 05, 12, 19, 21,

अशुभ दिन : 07, 10, 15, 17, 23, 26, 28

**मार्च:** दुर्जन तथा निम्न स्तरीय व्यक्तियो से मेल मिलाप बढ़ेगा। स्वयं के विचारो में धूर्तता का समावेश होगा। कृषि तथा वाणिज्य दोनो ही में हानि होगी अतः विचार पूर्वक कार्य करे। धन हानि के प्रति सावधान रहे। अति प्रिय एवं निकटस्थ व्यक्तियो से धोखा मिल सकता है। अपने स्वभाव की कठोरता से मुक्ति पाने का प्रयास करे। 26 मार्च से धन प्राप्ति के उपरान्त भी आर्थिक कठिनाई अनुभव करेगे। मित्रो के माध्यम एवं सहयोग से विरोधी परास्त होगे। भाग्योदय का सुख मिलेगा। शासकीय सहायता प्राप्त करेगे। धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी।

शुभ दिन : 02, 04, 11, 18, 21, 29, 31

अशुभ दिन : 06, 09, 14, 16, 23, 25, 27

**अप्रैल:** सज्जनो तथा उच्चाधिकारियो से सम्पर्क बनेगे। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। पुत्र तथा मित्रो के माध्यम से धन लाभ होगा। विरोधी पराजित होगे। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। अपने सद्व्यवहार से कार्यो में सफलता प्राप्त करेगे। चले आ रहे रोगो से मुक्ति मिलेगी। 19 अप्रैल से दाम्पत्य जीवन सुख में कमी रहेगी। मतभेद होगे। 30 अप्रैल से मन भयग्रस्त रहेगा। परिश्रम तथा साहस में कमी आयेगी। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा।

शुभ दिन : 8, 15, 17, 25, 28,

अशुभ दिन : 03, 05, 10, 13, 19, 21, 23, 30

**मई :** मानसिक तथा शारीरिक व्यथाये बढ़ेगी। घर परिवार में झगड़े झंझटो के कारण सुख शांति का अभाव रहेगा। समय कुसमय का खानपान होगा। सुख ऐश्वर्य में कमी आयेगी, व्यसनो से लगाव बढ़ेगा। यात्राओ में असुविधा होगी। भू-सम्पत्ति के मामलो में विघ्न बाधाऐ आयेगी। जीवन साथी से मतभेद होगे। रोगो का प्रकोप होगा। मानहानि होगी। सहकर्मियो के कारण अवरोध बनेगे। 29 मई से अध्ययन-अध्यापन में मन नही लगेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल होगी।

शुभ दिन : 05, 14, 16, 23,

VYAS PANCHANG

**अशुभ दिन :** 03, 08, 10, 12, 18, 20, 25, 27, 30

**जून:** स्वास्थय विपरीत रुप से प्रभावित होगा। विरोधी पक्ष प्रबल एवं शक्तिशाली सिद्ध होगा। प्रशासनिक अधिकारियो से मतभेद होगे। व्यक्तितत्व में असहजता रहेगी। यात्राओ में दुर्घटना का भय बनेगा। अपव्यय होगा। मन भ्रमित रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक निर्बलता अनुभव करेगे। मित्रो एवं हितेषियो से असुविधा होगी। इण्टरव्यूज के लिये अच्छी तैयारी करे अन्यथा परिणाम विपरीत मिलेगा। प्रतिपक्ष सफल होगा। वैभवी सामग्री क्रय करने में विलम्ब होगा।

शुभ दिन : 01, 09, 11, 13, 19, 21, 24,

अशुभ दिन : 04, 06, 15, 17, 26, 29

**जुलाई:** मास का ग्रह गोचर अनुकूल नही है। आर्थिक कठिनाईया बनी रहेगी। आजीविका परिश्रम से प्राप्त होगी। अपमानजनक स्थिति बनेगी। स्वयं जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोग से पीड़ित होगे। महत्वपूर्ण वस्तु खोने अथवा चौरी हो जाने की सम्भावना रहेगी। महिलाओ के कारण हानि, शोक तथा अपमान की स्थिति बनेगी। सुख समृद्धि की हानि होगी। धन-धान्य में कमी आयेगी। रोग ग्रस्त होगे। विराधी मुखर होगे। प्रशासनिक प्रताड़ना मिलेगी। मान, पद प्रतिष्ठा की हानि होगी। मानसिक अशांति रहेगी।

शुभ दिन : 06, 08, 10, 16, 18, 21, 31

अशुभ दिन : 01, 04, 12, 14, 23, 26, 28

**अगस्तः** महिलाओ के कारण हानि होगी। जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोग से पीड़ित होगे। किसी प्रिय वस्तु की हानि से शोक की स्थिति बनेगी। 17 अगस्त से विवाद समाप्त होगे। जीवन साथी का सह योग मिलेगा। सन्तान रोग मुक्त होगी। कार्यो में सफलता मिलेगी। व्यवसायिक बाधाये समाप्त होगी। यात्राओ से लाभ मिलेगा। अपच, उदर विकार तथा कब्ज आदि से छुटकारा मिलेगा। धन तथा मान सम्मान मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। 22 अगस्त से विवाद ग्रस्त होगे। प्रशासन से भय रहेगा। निस्तेज शरीर शिथिल रहेगा।यात्राओ तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नही होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा।

शुभ दिन : 02, 04, 07, 15, 17 , 29

अशुभ दिन : 09, 11, 13, 20, 22, 25, 27,

VYAS PANCHANG

**सितम्बर :** लम्बी दूरी की यात्रा निरस्त होगी। लाभ अपेक्षा से कम होगा। शासकीय कारणो से दंडित होगे। 17 सितम्बर से नियम विरुद्ध किये गये कार्यो परिणाम सामने आयेगा। विरोधियो से झगड़ा होगा। अपच रहेगा। कफजन्य बीमारियो से पीड़ित होगे। शासन -प्रशासन से भय की स्थिति बनेगी। किन्ही कारणो से राजकीय दंड़ का भुगतान करना होगा। दाम्पत्य जीवन में बाधा आयेगी। भय तथा अपमान की स्थिति बनेगी। व्यय की अधिकता रहेगी। 26 सितम्बर से समस्त कार्यो में विघ्न बाधाऐ आयेगी. यात्राओ में असुविधा तथा हानि होगी। खानपान बिगड़ेगा। सम्बन्धियो तथा सहोदरो से वैमनस्य रहेगा।

शुभ दिन : 01, 03, 09, 11, 14, 23, 26, 28, 30

अशुभ दिन : 05, 07, 16, 18, 21,

**अक्तूबर:** आरोपो से छुटकारा मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। आय बढ़ेगी। स्वास्थय सुधरेगा। मानसिक शांति मिलेगी। अकारण भय का निवारण होगा। कार्य सम्पन्न करने के लिये किये गये प्रयत्नो में सफलता प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी प्रियजन से सम्पर्क होगा। वरिष्ठो मित्रो तथा सहोदरो का सहयोग प्राप्त होगा। मास के अन्त में अपेक्षित वस्तु का उपहार मिलेगा। आर्थिक सुधार होगा। विवाह आदि उत्सवो में विलम्ब होगा। शुभ कार्य के लिये करने वाली यात्रा निरस्त होगी।

शुभ दिन : 04, 09, 11, 21, 23, 25, 27,

अशुभ दिन : 02, 06, 13, 16, 18, 29

**नवम्बर :** धन हानि होगी। स्वास्थय गिरेगा। वरिष्ठो एवं सम्मानित व्यक्तियो से विरोध होगा। विरोधियो से हानि होगी। किसी प्रतिष्ठित कार्य में विफलता से पदावनति होगी। पारिवारिक सुख समृद्धि में कमी आयेगी। पद प्रतिष्ठा तथा मान-सम्मान की हानि होगी। 22 नवम्बर से भोगोपभोग स्वास्थय के लिये हानिकारक रहेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खो जाने की सम्भावना रहेगी। शासकीय कारणो से दंडित होगे। लाभ अपेक्षा से कम होगा। लम्बी दूरी की यात्राओ में कष्ट होगा।

शुभ दिन : 01, 03, 05, 07, 17, 20, 22, 26, 28, 30

अशुभ दिन : 10, 12, 15, 24,

**दिसम्बर :** वरिष्ठो का अनुग्रह रहेगा। परिवार के आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव से मन प्रसन्न रहेगा। सात्विकता में वृद्धि होगी। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। रोगो से छुटकारा मिलेगा। 16 जनवरी से किसी

VYAS PANCHANG

कारणवश घर से दूर रहना होगा। नेत्र रोग से पीड़ित होगे। सहोदरो साथ पारिवारिक झगड़े झंझटो से परेशान रहेगे। उच्च रक्त अथवा रक्त सम्बन्धी किसी रोग से पीड़ित होगे। मान-समान की हानि होगी। दाम्पत्य जीवन में मतभेद बनेगे तथा कष्ट रहेगा। सन्तान के कारण पीड़ा होगी।

शुभ : 02, 04, 07, 12, 14, 17, 21, 25, 27, 29

अशुभ : 09, 19, 23

VYAS PANCHANG